पत्रांक–3/CG–21/2023–

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन), बिहार, पटना।

प्रेषक,

**संजु रानी**
अवर सचिव
निदेशालय नियोजन (मु०)
बिहार, पटना।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग
बिहार, पटना।

पटना–01, दिनांक–

**विषय– श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में निदेशालय नियोजन के अंतर्गत स्टडी किट के वितरण हेतु रंगीन विज्ञापन प्रकाशन के संबंध मे।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन की मूल प्रति की सी०डी० संलग्न करते हुए निदेशानुसार अनुरोध है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में निदेशालय नियोजन के अंतर्गत जिला नियोजनालयों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार हेतु युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क स्टडी किट के वितरण कार्यक्रम के रंगीन विज्ञापन को राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह०/
(संजू रानी)
अवर सचिव (नियोजन)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–3/CG–21/2023–601 पटना–01, दिनांक–10/6/2025

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ।

2. सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ।
3. श्री धनश्याम रविदास, श्रम अधीक्षक (निर्माण श्रमिक)–सह– विभागीय नोडल पदाधिकारी, e-advertisement Portal को आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
4. आई0टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

10.06.2025
अवर सचिव (नियोजन)
बिहार, पटना।

D:\WORK\Sanjay Sir JSA\LETTER_2024.Docx 95

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना

# आवश्यक सूचना

# स्टडी किट योजना

**नियोजनालयों में निबंधित युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए नियोजनालयों द्वारा स्टडी किट निःशुल्क प्रदान किया जाता है।**

## योग्यताः

1. कम से कम छः माह पूर्व का नियोजनालय में निबंधन।
2. UPSC/BPSC/ अन्य लोक सेवा आयोग / SSC/Railway/Banking/NET/JRF /शिक्षक प्रात्रता परीक्षा इत्यादि परीक्षा से सबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।
3. बिहार राज्य के निवासी।
4. उम्र संबंधित परीक्षा के मापदंड के अनुरूप।
5. वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम 3,00,000/- से कम हो।
6. लाभुकों के चयन में दिव्यांगजन, Transgender, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा एवं महिला वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी।

अधिक जानकारी एवं आवेदन जमा करने हेतु अपने संबंधित नियोजनालय से संपर्क करें।

**Toll free No- 18002965656**